प्रदेश में बनाएंगे जेम्स एंड ज्वेलर्स पार्क : सीएम

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के कॉन्क्लेव में बोले योगी आदित्यनाथ

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सराफा व्यापारियों के संगठन इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (इबजा) के कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रदेश अपराध और माफिया मुक्त प्रदेश बन चुका है। सबको पता है कि अपराधियों के दुस्साहस को यूपी पुलिस मिनटों में चकनाचूर कर देती है।

उन्होंने पिछले आठ वर्ष में राज्य की मजबूत अर्थव्यवस्था पर जोर देते हुए एसोसिएशन से कहा कि वे उत्तर प्रदेश में जेम्स एंड ज्वेलर्स पार्क की स्थापना के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार करें। मुख्यमंत्री ने रत्न एवं आभूषण व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सरकार हर कदम पर आपके साथ है।

राजधानी के एक होटल में बृहस्पतिवार को आयोजित इबजा सम्मेलन में अर्थव्यवस्था में जेम्स एंड ज्वेलर्स उद्योग के योगदान का जिक्र करते हुए सीएम कहा कि यह क्षेत्र देश की जीडीपी में सात प्रतिशत का योगदान देता है। आयात शुल्क तथा जीएसटी के माध्यम से भी योगदान अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि जेम्स एंड ज्वेलर्स उद्योग ने रोजगार सृजन और वैश्विक बाजार में भारत की पहचान को भी मजबूत किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ साल पहले यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति बदहाल थी। पर्व-त्योहारों पर अशांति, दंगे और व्यापारियों व

कहा, दुस्साहस करने वालों के मंसूबे चकनाचूर कर देती है उत्तर प्रदेश पुलिस

बेटियों की असुरक्षा आम थी। आज यूपी न केवल दंगा मुक्त, बल्कि माफिया मुक्त भी हो गया है। इस बेहतर माहौल ने व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं।

सीएम योगी ने जेम्स एंड ज्वेलर्स पार्क की स्थापना का आह्वान करते हुए इसे यूपी की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इबजा से एक ऐसा मॉडल तैयार करने का आग्रह किया, जिसमें डिजाइन, तकनीक, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, सप्लाई चेन और निर्यात को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि यूपी 25 करोड़ की आबादी वाला विशाल राज्य है और आसपास के क्षेत्रों को जोड़कर यह 30 करोड़ लोगों के व्यापार, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की जरूरतों को पूरा करता है। इस बाजार का लाभ उठाने के लिए हमें आधुनिक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

मुख्यमंत्री ने सेफ सिटी को लेकर बताया कि पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम जो पहले 25-30 मिनट था, अब 7-8 मिनट तक हो गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, इबजा के राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र मेहता, नॉर्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी, डायरेक्टर सुमित रस्तोगी, अजय रस्तोगी, अजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसो. के सम्मेलन में शामिल हुए सीएम योगी। -इब्जा

लेबर चार्ज लेकर बेचें गहने, डबल टैक्स देने से बचें ज्वेलर्स : सुरेंद्र मेहता

इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एंड एसोसिएशन के नेशनल सचिव ने दिए सुझाव

लखनऊ। इबजा के कॉन्क्लेव में राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र मेहता ने ज्वेलर्स को पैनल चर्चा में सुझाव दिया कि वह ग्राहकों से महज लेबर चार्ज लेकर सोने के पुराने गहने के बदले में नए बेच सकते हैं। इस खरीद फरोख्त के दौरान ज्वेलर्स को डबल जीएसटी देने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी और न ही ग्राहक को कैपिटल गेन के रूप में आयकर चुकाना पड़ेगा।

सुरेंद्र मेहता ने ज्वेलर्स से कहा कि दो जीएसटी बिल को काट करके वह खुद ही फंस रहे हैं। जबकि लेबर चार्ज लेकर एक नंबर से व्यापार किया जा सकता है। उन्होंने ज्वेलर्स को मनी लॉन्ड्रिंग से बचने के लिए सुझाव दिया कि वह दो लाख रुपये कीमत के सोना-चांदी की खरीद फरोख्त के बिल अवश्य रूप से काटें। जो ज्वेलर्स ऐसा करेंगे तो उनको आयकर, प्रवर्तन निदेशालय, राजस्व खुफिया निदेशालय का भय नहीं रहेगा। इबजा के नार्थ हेड अनुराग रस्तोगी ने कहा कि कॉन्क्लेव में ज्वेलर्स के युवा बच्चों का एक नया विंग गठित किया गया है। अगर सराफा कारोबारियों को सुगमता से व्यापार करना है तो सरकार की नीतियों के हिसाब से ही काम करना होगा।

डायरेक्टर उमेश पाटिल ने व्यापार को सोशल मीडिया पर बढ़ावा देने के बारे में बताया। इस मौके पर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा को इबजा की तरफ से लखनऊ रत्न से सम्मानित किया गया। रमेश चंद्र गुप्ता को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला। ब्यूरो